जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

उरई, संवाददाता। साइबर सेल टीम व क्वीक हील फाउंडेशन के संयुक्त कार्यक्रम के तहत नुक्कड नाटक व जागरूकता रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उन सभी बातों से अवगत कराया गया कि जिनके जरिए साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। इसके अलावा टीम ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह अपने परिवार के लोगों व आस-पड़ोस के लोगों से भी इन बातों की जानकारी दें।

जिले में हो रही ऑनलाइन ठगी व साइबर क्राइम के मद्देनजर शनिवार को साइबर सेल टीम शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पहुंची जहां छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि वह किस तरह से साइबर क्राइम को रोक सकते हैं और उनसे बच सकते हैं।

साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1-साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नं0 1930/112 पर दें, जिससे धनराशि खाते में होल्ड कराई जा सके।

2-साइबर अपराध, एनसीसीआरपी पोर्टल की वेबसाइट– **www.cybercriZe.Gov.in** पर दर्ज करें।

3- खाते में केवाईसी अपडेट कराने के लिये बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीसीवी व पिन नंबर नहीं मांगे जाते हैं।

4-कोई भी रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड न करें ।

5- किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जाएं कर लें।